कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 14-04-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को दी गई श्रद्धांजली।

आज दिनांक 14-04-2024 पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। पुलिस आयुक्त महोदय ने बताया कि आज के ही दिन 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में लगी आग पर साहस व पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए काबू पाने के क्रम में आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है।

इस दौरान कैम्प कार्यालय पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री आनन्द सिंह राजपूत एवं फायर आफिसर्स द्वारा पुलिस आयुक्त महोदय को अग्निशमन दिवस के अवसर पर पिन फ्लैग लगाया गया। पुलिस आयुक्त महोदय ने ग्रीष्म कालीन सत्र में विशेष अभियान चलाकर आमजनमानस में अग्नि सुरक्षा के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ फायर मॉक-ड्रिल कराने हेतु निर्देशित किया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।

पुलिस
SI
IPS
MOHIT AGRAWAL

POLICE COMMISSIONERATE
उत्तर प्रदेश
VARAN